प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर

दिनांक: 10.10.2023 समय : 01:00 पी.एम.

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि राजस्थान सहित पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों का विशेष महत्व इसलिए है, क्योंकि ये 2024 के आम चुनाव से पहले होने वाले अंतिम विधानसभा चुनाव होंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्वाचन आयोग इन पांचों राज्यों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और गड़बड़ियों से मुक्त चुनाव सुनिश्चित करेगा। श्री कुमार ने बताया कि पांच राज्यों में 940 से अधिक सीमा चौकियां बनाई जाएंगी, जहां अवैध नकदी, शराब और मादक पदार्थों को लाने–ले जाने पर नियंत्रण किया जा सकेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि पांचों राज्यों में मतदाताओं को गलत तरीके से लुभाने पर रोक लगाने के लिए कड़ी निगरानी प्रणाली शुरू की जा रही है।

000

निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आचार संहिता की पालना करने का काम शुरू हो गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि मतदाता 27 अक्टूबर तक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। श्री गुप्ता ने बताया है कि किसी भी कारणवश किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं है, तो वे सूची में नाम जुड़वाने के लिए संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए घर से ही मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए उन्हें 4 नवम्बर तक इस सुविधा के लिए आवेदन करना होगा।

000

विधानसभा चुनावों को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रदेश में विभिन्न राजनैतिक दलों की ओर से तथा सरकारी योजनाओं को लेकर लगाए गए पोस्टर, बैनर और होर्डिंग हटाने का काम शुरू हो गया है। जयपुर सहित सभी जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारियों ने इस बारे में आदेश जारी कर सभी तरह की प्रचार सामग्री हटाने को कहा है। अधिकतर जिलों में धारा 144 भी लागू कर दी गई है। पुलिस प्रशासन की ओर से संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च भी किया जा रहा है।

000

ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल–जीजेसी 15 अक्टूबर से ज्वेलरी शॉपिंग फेस्टिवल–आई.जे.एस.एफ. आयोजित करेगा। 22 नवम्बर तक चलने वाला ये फेस्टिवल देशभर के 300 शहरों में आयोजित किया जाएगा। जीजेसी के निदेशक ने बताया कि इस फेस्टिवल में 200 से अधिक शहरों के तीन हजार खुदरा ज्वेलरी विक्रेताओं के माध्यम से 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपये का व्यवसाय होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से ज्वेलरी इंडस्ट्री में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

000

आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस है। मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा देने के लिए हर साल 10 अक्टूबर को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है "मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है"। इसका उद्देश्य ज्ञान में सुधार करना और ऐसे कार्यों को आगे बढ़ाना है जो सार्वभौमिक मानव अधिकार के रूप में सभी के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करें।

000

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। ज्यादातर इलाकों में सुबह और शाम हल्की सर्दी का अहसास होने लगा है। पिछले 24 घंटों में सबसे कम 16 दशमलव 1 डिग्री सैल्सियस तापमान सिरोही में दर्ज किया गया। भीलवाडा में 18 दशमलव 5 और डबोक में 18 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे ज्यादा 37 दशमलव 9 डिग्री सैल्सियस तापमान कोटा में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पश्चिमी भागों में 15 अक्टूबर को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की

संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों तथा बीकानेर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के कुछ भागों में दोपहर बाद कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

000

अलवर के अनंतपुरा में केन्द्रीय औधोगिक सुरक्षा बल–सी.आई.एस.एफ. के 47वें बैच आरक्षक/जीडी बुनियादी कोर्स की दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया। महाराणा प्रताप क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र पर हुए कार्यक्रम में सी.आई.एस.एफ. नई दिल्ली की महानिरीक्षक शिखा गुप्ता ने बताया कि लगभग 54 वर्षों से देश की सेवा में यह बल अपने अद्भुत कौशल और कार्यशैली की वजह से लगभग 355 महत्वपूर्ण संस्थानों, हवाई अड्डों और राष्ट्रीय धराहरों सहित अतिविशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा के साथ–साथ आन्तरिक सुरक्षा और चुनाव के दौरान भी तैनात किया जाता है। इस दीक्षांत परेड में 1 हजार 187 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए।

000